प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

0000

30.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार युवाओं को नशे से दूर रखने और उन्हें खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने खेल गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के लिए डाइट मनी में वृद्धि की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल शिक्षण संस्थानों के मानकों में उल्लेखनीय सुधार लाएंगे और ग्रामीण क्षेत्र के विद्याार्थियों में जीवन की चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने का आत्मविश्वास पैदा करेंगे।

बस सेवा

किसान संगठनों द्वारा आज शंभू व खनौरी बॉर्डर पर किसान महा पंचायत की जा रही है और पंजाब बंद का ऐलान भी किया गया है। इसके मद्देनजर हिमाचल पथ परिवहन निगम द्वारा पंजाब बॉर्डर निरीक्षक तैनात किए गए हैं जो बसों के पंजाब में परिचालन पर नजर रखेंगे। निगम के प्रबंध निदेशक ने यात्रियों से पंजाब की यात्रा करने से पहले नजदीकी बस अड्डे से पंजाब जाने वाली बसों के बारे में जानकारी प्राप्त करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा पथ परिवहन निगम की सभी बस सेवाएं सामान्य तौर पर जारी रहेंगी।

भूंडा महायज्ञ

शिमला जिला में रोहड़ू उपमंडल के तहत दलगांव में भूंडा महायज्ञ 2 जनवरी से 5 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। जिला उपायुक्त अनुपम कश्यप ने महायज्ञ के आयोजन को लेकर तैयारियों का कल जायजा लिया। इस दौरान

स्वास्थ्य सुविधाएं, अग्निशमन दल व ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर रणनीति बनाई गई।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ है। हालांकि बर्फबारी के बाद अभी भी ठंड का दौर जारी है। हिमपात के बाद प्रदेश के कई अंदरूनी मार्ग यातायात के लिए बाधित हैं जिन्हें बहाल करने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। कुल्लू जिले में सोलंग नाला से अटल टनल की ओर जाने वाली सड़क व बंजार आनी राष्ट्रीय राजमार्ग जलोड़ी जोत पर बर्फ के कारण यातायात के लिए अवरूद्ध है। इसके अलावा किन्नौर जिले में भी कई मार्ग यातायात के लिए बाधित हैं। इसके अलावा बर्फबारी के चलते चंबा जिले में 60 सड़क मार्ग अवरूद्ध हैं जबकि 118 बिजली के ट्रांसफार्मर बंद हैं। इस बीच मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों में मौसम साफ रहने का अनुमान लगाया है।

**और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से...........**

आज अधिकांश मौसम संबंधी खबर को अपनी प्रमुख खबर बनाया है।

**अमर उजाला** की सुर्खी है **मौसम खुला, दुश्वारियां बरकरार, 340 सड़कें अभी भी बंद। पंजाब केसरी** लिखता है **लाहौल स्पीति में फंसे 2 सौ 12 पर्यटकों को निकाला, छितकुल में 2 गंभीर बीमार पर्यटक रेस्क्यू।**

**दिव्य हिमाचल** ने चीफ जस्टिस गुरमीत सिंह संधावालिया के हवाले से लिखा है **तारीख पर तारीख नहीं लोगों को न्याय देना है मकसद। दैनिक सवेरा टाइम्स और आपका फैसला** ने खबर को एक जैसा शीर्षक दिया है **हिमाचल के 30वें मुख्य न्यायाधीश बने जस्टिस जी एस संधावालिया।** इसी खबर को **दैनिक जागरण** ने भी पहले पन्ने पर जगह दी है।